## गुप्त काल

1. गुप्त वंश का संस्थापक कौन था ?
(अ) घटोत्कच (ब) चन्द्रगुप्त
(स) श्रीगुप्त (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)
व्याख्याः– गुप्त साम्राज्य का उदय तीसरी शताब्दी के अन्त में प्रयाग के निकट कौशाम्बी में हुआ। गुप्त साम्राज्य का संस्थापक श्रीगुप्त (240–280 ई.) था। श्रीगुप्त का उत्तराधिकारी घटोत्कच हुआ। गुप्त वंश का प्रथम महान सम्राट चन्द्रगुप्त प्रथम था। चन्द्रगुप्त प्रथम के बाद गुप्त वंश के उत्तराधिकारी क्रमशः समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त द्वितीय, कुमारगुप्त प्रथम, स्कन्दगुप्त एवं विष्णुगुप्त रहे। अंतिम गुप्त शासक विष्णुगुप्त था।

2. गुप्त किसके सामंत थे ?
(अ) मौर्यों के (ब) कुषाणों के
(स) सातवाहनों के (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– गुप्त लोग कुषाणों के सामंत थे। गुप्त साम्राज्य का संस्थापक श्रीगुप्त (240–280 ई.) था।

3. गुप्त वंश के किस शासक ने सर्वप्रथम 'महाधिराज' की उपाधि धारण की ?
(अ) श्रीगुप्त ने (ब) चन्द्रगुप्त प्रथम ने
(स) घटोत्कचगुप्त ने (द) समुद्रगुप्त ने
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– गुप्त साम्राज्य का उदय तीसरी शताब्दी के अन्त में प्रयाग के निकट कौशाम्बी में हुआ। गुप्त साम्राज्य का संस्थापक श्रीगुप्त (240–280 ई.) था। श्रीगुप्त का उत्तराधिकारी घटोत्कच हुआ। गुप्त वंश का प्रथम महान सम्राट चन्द्रगुप्त प्रथम था, जो 320 ई. में गद्दी पर बैठा। इसने लिच्छवी राजकुमारी कुमार देवी से विवाह किया। इसने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की।

4. निम्नलिखित में से गुप्त शासनकाल में एक महान् खगोलविज्ञानी और गणितज्ञ था–
(अ) भानुगुप्त (ब) बाणभट्ट
(स) आर्यभट्ट (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्याः– आर्यभट्ट ने आर्यभट्टीयम एवं सूर्यसिद्धान्त नामक ग्रंथ लिखे। उसने सूर्यग्रहण एवं चन्द्रग्रहण के वास्तविक कारण बताए। आर्यभट्ट पहले भारतीय नक्षत्र वैज्ञानिक थे जिसने घोषणा की कि पृथ्वी अपनी धूरी पर घूमती है।

5. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. प्रयाग/इलाहाबाद प्रशस्ति
B. विलसड अभिलेख
C. भितरी स्तम्भ अभिलेख
D. मंदसौर अभिलेख
सूची–II
1. समुद्रगुप्त
2. कुमारगुप्त
3. स्कंदगुप्त
4. वंधुवर्मन
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 3, B – 4, C – 2, D - 1
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)
व्याख्याः– प्रयाग/इलाहाबाद प्रशस्ति गुप्त राजवंश के सम्राट समुद्रगुप्त के दरबारी कवि हरिसेन द्वारा रचित लेख था। इस लेख को समुद्रगुप्त द्वारा 200ई. में कौशाम्बी से लाये गए अशोक स्तम्भ पर खुदवाया गया था। कुमारगुप्त के शासन की प्रथम तिथि का अनुमान उसके विलसड अभिलेख से होता है जबकि अंतिम तिथि का अनुमान उसके चाँदी के सिक्कों से होता है। सर्वप्रथम भारत पर गुप्त वंश शासक स्कन्दगुप्त के शासनकाल में होने वाले हूण आक्रमण की जानकारी भीतरी स्तंभ लेख से प्राप्त होती है। मंदसौर अभिलेख का संबंध में वंधुवर्मन से है। रेशम बुनकर की श्रेणियों की जानकारी मंदसौर अभिलेख से प्राप्त होती है।

6. गुप्त शासकों की सरकारी/दरबारी भाषा थी–
(अ) पालि (ब) प्राकृत
(स) हिन्दी (द) संस्कृत
उत्तर : (द) SSC 2002
व्याख्याः– संस्कृत गुप्त शासकों की शासकीय भाषा थी।

7. इतिहासकार वी.ए. स्मिथ ने किसकी विजयों से प्रभावित होकर उसे 'भारत का नेपोलियन' कहकर पुकारा है ?
(अ) स्कन्दगुप्त को (ब) चन्द्रगुप्त को
(स) ब्रह्मगुप्त को (द) समुद्रगुप्त को
उत्तर : (द) SSC 2002, RRB 2004, UPPCS 1990
व्याख्याः– गुप्त वंश के शासक चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी समुद्रगुप्त हुआ, जो 335 ई. में राजगद्दी पर बैठा। इसने आर्यावर्त के 9 शासकों और दक्षिणावर्त के 12 शासकों को पराजित किया। इन्हें विजयों के कारण इसे भारत का नेपालियन कहा जाता है। समुद्रगुप्त की विजयगाथा से

प्रभावित होकर वी.ए. स्मिथ ने उन्हें भारत के नेपालियन की संज्ञा दी। समुद्रगुप्त ने अश्वमेधकर्ता, विक्रमंक एवं परमभागवत की उपाधि धारण की। परमभागवत की उपाधि धारण करने वाला प्रथम गुप्त शासक समुद्रगुप्त था। गया एवं नालंदा से मिले ताम्रलेख में समुद्रगुप्त को परभागवत कहा गया है।

8. गुप्त वंश का वह राजा कौन था जिसने हूणों को भारत पर आक्रमण करने से रोका ?
(अ) कुमारगुप्त (ब) समुद्रगुप्त
(स) स्कन्दगुप्त (द) चन्द्रगुप्त
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्याः– हूणों का आक्रमण गुप्त वंश के शासक स्कन्दगुप्त के शासनकाल के दौरान हुआ था। भीतरी स्तंभ अभिलेख (गाजीपुर) के आठवें श्लोक में हूणों के साथ युद्ध होने का उल्लेख मिलता है। हूणों को परास्त करने के उपलक्ष्य में स्कंदगुप्त ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की थी।

9. गुप्त राजवंश किसके लिए प्रसिद्ध था ?
(अ) कला एवं स्थापत्य
(ब) साम्राज्वाद
(स) राजस्व एवं भूमि कर
(द) साहित्यिक कार्यों का संरक्षण
उत्तर : (अ) SSC 2001
व्याख्याः– गुप्त राजवंश अपनी कला एवं स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध था। समुद्रगुप्त संगीत प्रेमी था। ऐसा अनुमान उसके सिक्कों पर उसे वीणा वादन करते हुए दिखाया जाने से लगाया गया है। चन्द्रगुप्त द्वितीय के सन्धिविग्रहिम सचिव वीरसेन शैव मतालंबी था जिसने शिव की पूजा के लिए उदयगिरि पहाड़ी पर एक गुफा का निर्माण करवाया था। स्कंदगुप्त ने गिरनार पर्वत पर स्थित सुदर्शन झील का पुनरुद्धार किया।

10. अजंता कलाकृतियाँ किससे सम्बन्धित है ?
(अ) हड़प्पा काल से (ब) मौर्य काल से
(स) बुद्ध काल से (द) गुप्त काल से
उत्तर : (द) SSC 2001, NDA 2001
व्याख्याः– अजंता में निर्मित कुल 29 गुफाओं में वर्तमान में केवल 6 ही शेष हैं, जिनमें गुफा 16 एवं 17 गुप्तकालीन हैं। इसमें गुफा संख्या 16 में उत्कीर्ण मरणासन्न राजकुमारी का चित्र प्रशंसनीय हैं। गुप्त संख्या 17 के चित्र को चित्रशाला कहा गया है। इस चित्रशाला में बुद्ध के जन्म, जीवन, महाभिनिष्क्रमण एवं महापरिनिर्वाण की घटनाओं से संबंधित चित्र उद्धृत किये गये हैं। अजंता की गुफाएँ बौद्ध धर्म की महायान शाखा से संबंधित है।

11. कुछ विद्वानों के अनुसार कालिदास किसके राजकवि थे ?
(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य (ब) समुद्रगुप्त
(स) चन्द्रगुप्त द्वितीय (द) हर्ष
उत्तर : (स) SSC 1999

12. अजंता चित्रकारी का विषयवस्तु निम्नलिखित में किससे संबंधित है ?
(अ) जैन धर्म (ब) बौद्ध धर्म
(स) वैष्णव मत (द) शैव मत
उत्तर : (ब) SSC 2003

13. उत्तर–गुप्त युग में जो विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हुआ, वह था–
(अ) कांची (ब) तक्षशिला
(स) नालंदा (द) वल्लभी
उत्तर : (स) SSC 1999

14. एरण अभिलेख का संबंध किस शासक से है ?
(अ) ब्रह्मगुप्त (ब) चन्द्रगुप्त प्रथम
(स) चन्द्रगुप्त द्वितीय (द) भानुगुप्त
उत्तर : (द) RRB 2005

15. फाह्यान किसके शासनकाल में भारत आया था ?
(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) अशोक
(स) हर्षवर्धन (द) चन्द्रगुप्त द्वितीय
उत्तर : (द) NDA 2003

16. भारतीय संस्कृति का 'स्वर्ण युग' था–
(अ) मौर्य काल (ब) राजपूत काल
(स) चोल काल (द) गुप्त काल
उत्तर : (द) RRB 2004

17. फाह्यान कहाँ का निवासी था ?
(अ) भूटान (ब) अमेरिका
(स) चीन (द) बर्मा
उत्तर : (स) RRB 2004

18. 'सेतूबंध' का रचनाकार प्रवरसेन द्वितीय किस वंश का शासक था ?
(अ) शक (ब) कण्व
(स) वाकाटक (द) सातवाहन
उत्तर : (स) RRB 2004

19. किस गुप्तकालीन शासक को 'कविराज' कहा गया ?
(अ) श्रीगुप्त (ब) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(स) समुद्रगुप्त (द) स्कन्दगुप्त
उत्तर : (स)

20. श्रीलंका के राजा मेधवर्मन ने किस स्थान पर भगवान बुद्ध का मंदिर बनवाने के लिए समुद्रगुप्त से अनुमति मांगी थी ?
(अ) प्रयाग (ब) बोधगया
(स) कुशीनगर (द) अमरावती
उत्तर : (ब)

21. मंदिर निर्माण कला का जन्म सर्वप्रथम कब हुआ ?
(अ) मौर्य काल में (ब) गुप्त काल में
(स) कुषाण काल में (द) सैंधव काल में
उत्तर : (ब)

22. चन्द्रगुप्त द्वितीय ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि कब धारण की ?
(अ) शकों का उन्मूलन करने के बाद
(ब) गुप्त सिंहासन पर बैठने के बाद
(स) चाँदी के सिक्के जारी करने पर
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (अ)

23. गुप्त काल के सर्वाधिक लोकप्रिय देवता कौन थे ?
(अ) शिव (ब) विष्णु
(स) बुद्ध (द) सूर्य
उत्तर : (ब)

24. चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपनी किस विजय की खुशी में चाँदी के विशेष सिक्के जारी किए ?
(अ) बाल्हीक प्रदेश को जीतने के बाद
(ब) हुणों को परास्त करने के बाद
(स) शकों को पराजित करने के बाद
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

25. धन्वन्तरी थे–
(अ) च्रन्द्रगुप्त मौर्य के विख्यात जनरल
(ब) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के राजदरबार के 'नवरत्न' में से एक जो कि प्रसिद्ध चिकित्सक थे
(स) हर्ष के समय के एक प्रसिद्ध नाटककार
(द) अशोक के राजदरबार में संगीतज्ञ
उत्तर : (ब)

26. मेहरौली (दिल्ली) स्थित लौह–स्तम्भ का निर्माण किस सदी में हुआ ?
(अ) चतुर्थ सदी ई. (ब) सप्तम सदी ई.
(स) तृतीय सदी ई. (द) द्वितीय सदी ई.
उत्तर : (अ) NDA 1998

27. गुप्तकालीन शासन प्रणाली किस प्रकार की थी ?
(अ) राजतंत्रात्मक (ब) लोकतंत्रात्मक
(स) गणतंत्रात्मक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) CDS 2003

28. फाह्यान द्वारा रचित ग्रंथ 'फा–कुओ–की' में निम्न में से किसका विवरण नहीं मिलता है ?
(अ) बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का
(ब) बौद्ध राज्यों का
(स) गौतम बुद्ध के उपदशों का
(द) बौद्ध मंदिरों, स्तूपों एवं विहारों का
उत्तर : (अ)

29. गुप्त स्थापत्य कला का सर्वोत्कृष्ट मंदिर निम्न में से कौन है ?
(अ) भीतरगाँव का मंदिर
(ब) देवगढ़ का दशावतार मंदिर
(स) भूमरा का शिव मंदिर
(द) तिगवा का विष्णु मंदिर
उत्तर : (ब)

30. अजंता की गुफाओं में किन गुफाओं का निर्माण गुप्त काल में हुआ ?
(अ) 14, 15 एवं 16 (ब) 2, 3 एवं 4
(स) 16, 17 एवं 19 (द) सभी गुफाओं में
उत्तर : (स)

31. 'अमरकोष' के लेखक अमर सिंह किस शासक के दरबार से जुड़े थे ?
(अ) समुद्रगुप्त (ब) चन्द्रगुप्त प्रथम
(स) स्कन्दगुप्त (द) चन्द्रगुप्त द्वितीय
उत्तर : (द)

32. गुप्त संवत् (319–320) को प्रारंभ करने का श्रेय किसे दिया जाता है ?
(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(स) समुद्रगुप्त (द) स्कन्दगुप्त
उत्तर : (अ)

33. चन्द्रगुप्त प्रथम ने गुप्त संवत् का प्रारंभ किस उपलक्ष्य में किया ?
(अ) अपने राज्यारोहण के स्मारक के रूप में
(ब) शकों के उन्मूलन के उपलक्ष्य में
(स) हूणों के परास्त करने के उपलक्ष्य में
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

34. प्रयाग प्रशस्ति अभिलेख का लेखक हरिषेण किस शासक का दरबारी कवि था ?
(अ) समुद्रगुप्त (ब) अशोक
(स) कनिष्क (द) चन्द्रगुप्त द्वितीय
उत्तर : (अ)

35. सारनाथ के 'धमेख स्तूप' का निर्माण किस काल में हुआ ?
(अ) मौर्य (ब) कुषाण
(स) शुंग (द) गुप्त
उत्तर : (द)

36. गुप्त काल की सोने की मुद्रा को कहा जाता था–
(अ) दीनार (ब) कार्षापण
(स) निष्क (द) काकिनी
उत्तर : (अ)

37. 'कुमारसंभव' महाकाव्य किस कवि ने लिखा ?
(अ) बाणभट्ट (ब) चंदबरदाई
(स) हरिषेण (द) कालिदास
उत्तर : (द) BPSC 1999

www.rajstudents.com

38. गुप्त काल को प्राचीन भारत का 'क्लासिकल युग' क्यों कहा जाता है ?
(अ) व्यापार में अभूतपूर्व प्रगति के कारण
(ब) कला व साहित्य के क्षेत्र के अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँचने के कारण
(स) प्रचुर मात्रा में स्वर्ण सिक्के चलाये जाने के कारण
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (ब)

39. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना का युग है ?
(अ) मौर्य (ब) कुषाण
(स) गुप्त (द) पाल
उत्तर : (स) BPSC 1996

40. गुप्त युग में भू–राजस्व की दर थी ?
(अ) उपज का चौथा भाग
(ब) उपज का छठा भाग
(स) उपज का आठवाँ भाग
(द) उपज का आधा भाग
उत्तर : (ब) BPSC 1998

41. गुप्त युग में भू–राजस्व की दर थी–
(अ) उपज का चौथा भाग
(ब) उपज का छठा भाग
(स) उपज का आठवाँ भाग
(द) उपज का आधा भाग
उत्तर : (ब) BPSC 1996

42. नगरों का क्रमिक पतन किस काल की एक महत्वपूर्ण विशेषता थी ?
(अ) गुप्त काल (ब) प्रतिहार काल
(स) राष्ट्रकूट (द) सातवाहन युग
उत्तर : (अ) BPSC 1995

43. किस वंश के शासकों ने मंदिरों एवं ब्राह्मणों को सबसे अधिक ग्राम अनुदान में दिया था ?
(अ) गुप्त वंश (ब) पाल वंश
(स) राष्ट्रकूट वंश (द) प्रतिहार
उत्तर : (अ) BPSC 1994

44. दिल्ली के मेहरौली के कुव्वत–उल–इस्लाम मस्जिद के प्रांगण में स्थित प्रसिद्ध लौह स्तंभ किसकी स्मृति में है ?
(अ) अशोक (ब) चन्दगुप्त विक्रमादित्य
(स) हर्ष (द) अनंगपाल
उत्तर : (ब) UPPCS 2002

45. कालिदास द्वारा रचित 'मालविकाग्नमित्र' नाटक का नायक था–
(अ) पुष्यमित्र शुंग (ब) गौतमीपुत्र शातकर्णी
(स) अग्निमित्र (द) चन्द्रगुप्त द्वितीय
उत्तर : (स) UPPCS 1998

46. समुद्रगुप्त की सैनिक उपलब्धियों का वर्णन उसके किस अभिलेख में उपलब्ध है ?
(अ) एरण के (ब) गया के
(स) नालंदा के (द) प्रयाग के
उत्तर : (द) BPSC 2008

47. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना का युग है ?
(अ) मौर्य (ब) कुषाण
(स) गुप्त (द) पाल
उत्तर : (स) BPSC 1996

48. निम्न में से किस काल में स्त्रियों की पुरुषों से बराबरी थी ?
(अ) गुप्त काल में (ब) मौर्य काल में
(स) चोल काल में (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) UPPCS 1994

49. कौन–सा राजवंश हुणों के आक्रमण से अत्यंत विचलित हुआ ?
(अ) मौर्य (ब) कुषाण
(स) गुप्त (द) शुंग
उत्तर : (स) UPPCS 1993

50. निम्नलिखित में कौन–सा नाटक कालिदास ने नहीं लिखा था ?
(अ) मालविकाग्निमित्र (ब) अभिज्ञान शाकुन्तलम्
(स) विक्रमोर्वशीयम् (द) जानकी हरण
उत्तर : (द) MPPSC 2003

51. बाल विवाह की प्रथा आरंभ हुई–
(अ) मौर्य काल में (ब) कुषाण काल में
(स) गुप्त काल में (द) हर्षवर्धन के काल में
उत्तर : (स) RAS/RTS 2000

52. अजंता गुफाओं के जैसी गुफाएँ मध्यप्रदेश में कहाँ है ?
(अ) बाघ (धार) (ब) उदयगिरि (विदिशा)
(स) माण्डू (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) MPPSC 1999

53. सोने के सर्वाधिक सिक्के किस काल में जारी किये गये ?
(अ) कुषाण काल में (ब) गुप्त काल में
(स) मौर्य काल में (द) हिन्द–यवन काल में
उत्तर : (ब)

54. यूरोपीय भाषा में अनुवादित प्रथम भारतीय ग्रंथ कौन–सा है ?
(अ) भगवत्गीता (ब) अभिज्ञान शाकुंतलम
(स) कुमारसंभव (द) कामसूत्र
उत्तर : (ब)

55. सती प्रथा का पहला उल्लेख कहाँ से मिलता है ?
(अ) भीतरगांव लेख से (ब) विलसड स्तंभ लेख से
(स) एरण अभिलेख से (द) भितरी स्तंभ लेख से
उत्तर : (स)

56. किस गुप्त शासक को नालंदा विश्वविद्यालय का संस्थापक माना जाता है ?
(अ) कुमारगुप्त प्रथम (ब) स्कंदगुप्त
(स) समुद्रगुप्त (द) चन्द्रगुप्त प्रथम
उत्तर : (अ)

57. कथन (A) : प्राचीन भारत में सामंती व्यवस्था का अभ्युदय सैनिक अभियानों में देखा जा सकता है।
कारण (R) : गुप्त काल में सामंती व्यवस्था का पर्याप्त विस्तार हुआ था।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही व्याख्या करता है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही व्याख्या नहीं करता है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (ब) UPPCS 2000

58. गुप्त काल में उत्तर भारतीय व्यापार निम्नलिखित किस एक पत्तन से संचालित होता था ?
(अ) ताम्रलिप्ति (ब) भड़ौच
(स) कल्याण (द) काम्ब्रे
उत्तर : (अ) UPPCS 1999

59. गुप्त शासकों द्वारा जारी किए गए चाँदी के सिक्के कहलाते थे–
(अ) रूपक (ब) कार्षापण
(स) दीनार (द) पण
उत्तर : (अ) UPPCS 1997

60. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. विशाखदत्त | 1. चिकित्सा |
| B. वराहमिहिर | 2. नाटक |
| C. चरक | 3. खगोल विज्ञान |
| D. ब्रह्मगुप्त | 4. गणित |

(अ) A – 1, B – 3, C – 4, D - 2
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
(द) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
उत्तर : (स) UPPCS 1996

61. चन्द्रगुप्त द्वितीय के काल में विद्या, कला व साहित्य का महान् केन्द्र कौन–सा था ?
(अ) धारवाड़ (ब) वाराणसी
(स) उज्जैन (द) विदिशा
उत्तर : (स)

62. कालिदास की किस कृति की गिनती विश्व की सौ प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों में होती है ?
(अ) ऋतुसंहार (ब) मेघदूत
(स) अभिज्ञान शाकुंतलम् (द) कुमारसंभव
उत्तर : (स)

63. वर्तमान गणित में दशमलव प्रणाली आविष्कार का श्रेय निम्न में से किस युग को है ?
(अ) कुषाण युग (ब) गुप्त युग
(स) मौर्य युग (द) वर्धन युग
उत्तर : (ब)

64. निम्न में से कौन–सा गुप्त वंश के पतन का कारण नहीं था ?
(अ) स्कंदगुप्त के बाद केन्द्र की शक्तियों का दुर्बल होना
(ब) हुणों का आक्रमण
(स) प्रांतीय शासकों का विद्रोह
(द) सत्ता के नियंत्रण के लिए आंतरिक कलह
उत्तर : (द)

65. निम्नलिखित में किस गुप्त शासक ने अपने सिक्कों पर अपने को वीणा बजाते हुए आकृति में अंकित करवाया है ?
(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) समुद्रगुप्त
(स) चन्द्रगुप्त द्वितीय (द) स्कंदगुप्त
उत्तर : (ब)

66. वह प्रथम भारतीय विद्वान कौन था जिसने गणित को एक पृथक् विषय के रूप में स्थापित किया ?
(अ) आर्यभट्ट (ब) वराहमिहिर
(स) ब्रह्मगुप्त (द) धन्वन्तरि
उत्तर : (अ)

67. गुप्तकालीन पुस्तक 'नवनीतकम्' का सम्बन्ध है–
(अ) खगोल शास्त्र से (ब) गणित से
(स) चिकित्सा से (द) धातु विज्ञान से
उत्तर : (स)

68. ताँबे के सिक्के जारी करने वाला पहला गुप्त शासक कौन था ?
(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(स) रामगुप्त (द) स्कंदगुप्त
उत्तर : (स)

69. किस गुप्त शासक ने दक्षिणापथ में स्थित 12 राज्यों पर 'धर्मविजय' की ?
(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) समुद्रगुप्त
(स) चन्द्रगुप्त द्वितीय (द) स्कंदगुप्त
उत्तर : (ब)

70. सुदर्शन झील, जिसका निर्माण चन्द्रगुप्त मौर्य के सौराष्ट्र प्रांत के गवर्नर पुष्यगुप्त ने करवाया था तथा जिसकी मरम्मत पहली बार शक शासक रुद्रदमन में करवाई थी, की दूसरी बार मरम्मत किसने करवायी ?
(अ) समुद्रगुप्त (ब) स्कंदगुप्त
(स) चन्द्रगुप्त द्वितीय (द) कुमारगुप्त
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

71. 'सर्वराजोच्छेता' (सभी राजाओं को उखाड़ फेंकने वाला) की उपाधि किसने धारण की ?
(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(स) समुद्रगुप्त (द) स्कंदगुप्त
उत्तर : (स)

72. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (शासक)
A. समुद्रगुप्त
B. चन्द्रगुप्त द्वितीय
C. स्कंदगुप्त
D. बुद्धगुप्त
सूची–II (अभिलेख)
1. प्रयाग प्रशस्ति
2. मेहरौली लौह स्तम्भ लेख
3. अपरिमित पराक्रमी
4. बंधन रहित
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

73. किसने अंतिम शक शासक रुद्रसिंह तृतीय को पराजित कर और उसकी हत्या कर शकों को अंतिम रूप से उन्मूलन किया ?
(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(स) समुद्रगुप्त (द) स्कंदगुप्त
उत्तर : (ब)

74. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (शासक)
A. चन्द्रगुप्त प्रथम
B. समुद्रगुप्त
C. चन्द्रगुप्त द्वितीय
D. स्कंदगुप्त
सूची–II (उपाधि)
1. महाराधिराज
2. अश्वमेध पराक्रम
3. परम भागवत
4. शक्रोपम
(अ) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(ब) A – 3, B – 4, C – 2, D - 1
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
उत्तर : (द)

75. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (शासक)
A. चन्द्रगुप्त प्रथम
B. रामगुप्त
C. समुद्रगुप्त
D. रूद्रसेन द्वितीय
सूची–II (पत्नी)
1. कुमारदेवी (लिच्छवी)
2. ध्रुव देवी
3. दत्ता देवी
4. प्रभावती
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

76. गुप्त राजा जिसने 'विक्रमादित्य' की पदवी ग्रहण की थी–
(अ) स्कंदगुप्त (ब) समुद्रगुप्त
(स) चन्द्रगुप्त द्वितीय (द) कुमारगुप्त
उत्तर : (स)

77. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (प्रशासकीय विभाजन)
A. भुक्ति (प्रांत)
B. विषय (जिला)
C. नगर
D. ग्राम
सूची–II (प्रशासक)
1. उपरिक
2. विषयपति
3. नगरपति
4. ग्रामिक
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

78. मिहिरकुल का सम्बन्ध था–
(अ) गुप्त (ब) हूण
(स) कुषाण (द) मौखरि
उत्तर : (ब)

79. कन्नौज को सर्वप्रथम महत्ता प्रदान करने वाले थे–
(अ) मौर्य (ब) गुप्त
(स) मौखरि (द) कुषाण
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

80. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. क्षेत्र भूमि
B. वास्तु भूमि
C. अप्रहल भूमि
D. खिल भूमि
सूची–II
1. कृषि योग्य भूमि
2. निवास योग्य भूमि
3. जंगली भूमि
4. कृषि के लिए अनुपयुक्त भूमि
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

81. कुतुबमीनार के निकट स्थित लौह–स्तम्भ, वैज्ञानिकों का ध्यान क्यों खींच रहा है ?
(अ) उसकी पुरावशेषता के कारण
(ब) उसकी चमक–दमक के कारण
(स) उसकी कठोरता के कारण
(द) उसकी जंगरोधकता के कारण
उत्तर : (द) CDS 2010

82. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. क्षेष्ठी
B. सार्थवाह
C. कुलिक
D. कायस्थ
सूची–II
1. साहूकार
2. व्यापारी
3. शिल्पी / कारीगर
4. लेखक
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com